NSE

# Energy



## कमोडिटी डेरिवेटिव्स

कच्चे माल की लागत और कारोबारी माहौल में बदलाव के कारण व्यवसाय को अप्रत्याशित जोखिम का सामना करना पड़ सकता है। कमोडिटी या जिंसों की कीमतों से प्रभावित होने वाले व्यवसाय को अंतरराष्ट्रीय जिंसों के मूल्यों में होने वाले उतार चढ़ाव, डॉलर के मुकाबले रुपये में उतार चढ़ाव और अंतरराष्ट्रीय कीमतों पर प्रीमियम/छूट आदि जैसे कारकों के कारण मूल्य जोखिम का सामना करना पड़ता है। उपरोक्त उल्लिखित कारकों में होने वाला उतार चढ़ाव काफी व्यापक होता है और इसकी वजह से मुनाफा मार्जिन का नुकसान हो सकता है और ज्यादा पूंजी का इस्तेमाल करना पड़ सकता है। हेजिंग के लिए उपयुक्त कमोडिटी डेरिवेटिव उत्पादों का उपयोग करके ऐसे जोखिमों को कम करना संभव है। ऑप्शंस और फ्यूचर्स अब तक सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले कमोडिटी डेरिवेटिव हैं।

कमोडिटी फ़्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट "एक अंतर्निहित वस्तु को एक निर्दिष्ट भविष्य की तारीख (जिसे समाप्ति तिथि/एक्सपायरेशन डेट कहा जाता है) पर आज तय की गई कीमत पर खरीदने या बेचने का एक समझौता है।" कमोडिटी डेरिवेटिव का मूल्य आम तौर पर भविष्य में उनके अंतर्निहित मूल्य में अपेक्षित उतार-चढ़ाव पर आधारित होता है।

खरीदार ऐसे अनुबंधों या कॉन्ट्रैक्ट्स का इस्तेमाल फ्यूचर के अंतर्निहित उत्पाद या कच्चे माल की कीमत में उतार-चढ़ाव से जुड़े जोखिमों से बचने के लिए करते हैं। विक्रेता अपने उत्पादों के लिए निश्चित कीमतों को लॉक करने के लिए वायदा अनुबंध या फ्यूचर कॉन्ट्रैक्ट का इस्तेमाल करते हैं।

## डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल

क्रूड ऑयल  डेरिवेटिव्स (ब्रेंट और डब्ल्यूटीआई) कमोडिटी बाजार में शीर्ष 5 ट्रेड किए जाने वाले उत्पादों में से एक हैं।

100 बैरल और 10 बैरल के अनुबंध आकार के साथ नकद निपटान डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल फ्यूचर्स अनुबंध एनएसई प्लेटफॉर्म पर ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध हैं।


कच्चा तेल (क्रूड ऑयल) हाइड्रोकार्बन डिपॉजिट और अन्य कार्बनिक पदार्थों से बना एक अपरिष्कृत पेट्रोलियम उत्पाद है। यह एक प्रकार का जीवाश्म ईंधन है, जिसे गैसोलीन, डीजल और पेट्रोकेमिकल के विभिन्न रूपों जैसे उपयोगी उत्पादों का उत्पादन करने के लिए परिष्कृत किया जा सकता है। यह एक गैर-नवीकरणीय संसाधन है, जिसका मतलब यह है कि हम जिस दर के साथ इसका उपभोग करते हैं, उसी दर पर प्रकृति इसे प्रतिस्थापित नहीं कर सकती है। यानी यह एक सीमित संसाधन है।

डब्ल्यूटीआई (वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट) क्रूड ऑयल कच्चे तेल का एक विशिष्ट ग्रेड है और ब्रेंट और दुबई क्रूड के साथ तेल मूल्य निर्धारण के मुख्य तीन बेंचमार्क में से एक है।

डब्ल्यूटीआई को हल्के मीठे तेल (स्वीट ऑयल) के रूप में जाना जाता है क्योंकि इसमें 0.24% और 0.34% के बीच सल्फर होता है, जो इसे "स्वीट" बनाता है, और इसका घनत्व कम होता है, जो इसे "हल्का" बनाता है।

डब्ल्यूटीआई उत्तरी अमेरिका के लिए मुख्य तेल बेंचमार्क है क्योंकि यह संयुक्त राज्य अमेरिका, मुख्य रूप से पर्मियन बेसिन और टेक्सास से प्राप्त होता और फिर इसे पाइपलाइनों के जरिए मिडवेस्ट और मैक्सिको की खाड़ी में परिष्कृत किया जाता है। डब्ल्यूटीआई के लिए भौतिक विनिमय और मूल्य निपटान का मुख्य वितरण बिंदु कुशिंग, ओक्लाहोमा है।

संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बाद भारत दुनिया में कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है।




**बाजार के फंडामेंटल्स का प्रभावित करने वले घटक**

- यूएस क्रूड इंवेंटरीज
- आर्थिक घटक: मंदी, महंगाई, संकट
- स्पेकुलेशन, हेजिंग एवं निवेश,
- भूराजनैतिक कार्य
- मौसम की परिस्थितियां
- ओपेक एवं नॉन ओपेक निर्णय एवं प्रसारण
- वैश्विक आर्थिक वृद्धि एवं ट्रेड नीतियां




## डब्ल्यूटीआइ क्रूड ऑयल की विशेषतायें

| संकेत | डब्ल्यूटीआई क्रूड (डब्ल्यूडीआई क्रूड ऑयल) | डब्ल्यूटीआईक्रूडएम (डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल न्यूनतम) | डब्ल्यूटीआईक्रूड (फ्यूचर पर ऑप्शंस) |
|---|---|---|---|
| उपकरण | वायदा अनुबंध (फ्यूचरएनआर) | | वायदा अनुबंध पर ऑप्शंस (ऑप्टफ्यूचर) |
| ट्रेडिंग यूनिट | 100 बैरल | 10 बैरल | 100 बैरल |
| टिक साइज/कोटेशन | 1 रुपया प्रति बैरल | | 0.10 रुपये (10 पैसा) |
| अनुबंध चक्र | मासिक अनुबंध | | |
| मुनाफा/घाटा प्रति टिक | ₹ 100 | ₹ 10 | ₹ 10 |
| ट्रेडिंग सत्र | सोमवार-शुक्रार (सुबहर 9 बजे से रात के 11.30/11.55 तक) *अमेरिकी डेलाइट सेविंग टाइम पीरियड आधारित | | |
| निपटान | नकद निपटान | | |

| | | |
|---|---|---|
| देय तिथि दर (डीडीआर) / अंतिम निपटान मूल्य (एफएसपी) | देय तिथि दर (एफएसपी) एनएसई डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल अनुबंध के अंतिम कारोबारी दिन पर न्यूयॉर्क मर्केंटाइल एक्सचेंज (एनवाईएमईएक्स) कच्चे तेल (सीएल) के फ्रंट महीने अनुबंध का भारतीय रुपये में निपटान मूल्य होगा।<br><br>रूपांतरण के लिए अंतिम उपलब्ध आरबीआई USDINR संदर्भ दर का उपयोग किया जाएगा।<br><br>इस प्रकार प्राप्त कीमत को निकटतम टिक तक पूर्णांकित या राउंड ऑफ किया जाएगा। | ऑप्शन अनुबंध की समाप्ति के दिन अंतर्निहित वायदा अनुबंध का दैनिक निपटान मूल्य। |

# प्राकृतिक गैस

हेनरी हब प्राकृतिक गैस वायदा अनुबंध अपनी कीमत पारदर्शिता और मजबूत तरलता के कारण दुनिया में सबसे अधिक कारोबार वाले प्राकृतिक गैस वायदा अनुबंधों में से एक है।


**1250 एमएमबीटीयू और 250 एमएमबीटीयू** के अनुबंध आकार के साथ नकद निपटान वाले प्राकृतिक गैस वायदा अनुबंध एनएसई प्लेटफॉर्म पर व्यापार या ट्रेडिंग के लिए उपलब्ध हैं।


प्राकृतिक गैस गहरे भूमिगत चट्टान संरचनाओं में पाई जाती है या कोयला खदानों में अन्य हाइड्रोकार्बन भंडारों से जुड़ी होती है और मीथेन क्लैथ्रेट के रूप में पाई जाती है।

प्राकृतिक गैस का उपयोग मुख्य रूप से औद्योगिक, वाणिज्यिक, परिवहन और घरेलू क्षेत्रों में किया जाता है। प्राकृतिक गैस ऊर्जा का आवश्यक स्रोत है, जिसकी वैश्विक स्तर पर लगातार मांग बढ़ रही है।


**हेनरी हब** लुइसियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका और दुनिया भर में प्राकृतिक गैस मूल्य निर्धारण के लिए एक बेंचमार्क के रूप में कार्य करती है। यह न्यूयॉर्क मर्केंटाइल एक्सचेंज (NYMEX) पर कारोबार किए जाने वाले प्राकृतिक गैस वायदा अनुबंधों के लिए वितरण बिंदु है।

आर्थिक रूप से निकाली जा सकने वाली गैस की सीमित उपलब्धता के कारण भारत में उत्पादन में लगातार गिरावट देखी जा रही है, इस प्रकार तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात के माध्यम से खपत वृद्धि को पूरा किया गया है, जिसका देश की प्राकृतिक गैस खपत में हिस्सा लगभग 50% है। इसलिए, भारत में प्राकृतिक गैस का वैश्विक प्राकृतिक गैस की कीमतों से मजबूत संबंध है।




Q



## प्राकृतिक गैस की विशेषतायें

| संकेत | प्राकृतिक गैस (नैचुरल गैस) | नैटगैसमिनी (प्राकृतिक गैस मिनी) | प्राकृतिक गैस (फ्यूचर पर आप्शंस) |
|---|---|---|---|
| उपकरण | वायदा अनुबंध (FUTENR) | | वायदा अनुबंध पर ऑप्शंस (ऑप्टफ्यूचर) |
| ट्रेडिंग ईकाई | 1250 एमएमबीटीयू | 250 एमएमबीटीयू | एमएमबीटीयू |
| टिक साइज/कोटेशन | 0.10 रुपया (10 पैसा) प्रति एमएमबीटीयू | | 0.05 रुपया (5 पैसा) |
| अनुबंध चक्र | मासिक अनुबंध | | |
| मुनाफा/घाटा प्रति टिक | ₹ 125 | ₹ 25 | ₹ 62.5 |
| ट्रेडिंग सत्र | सोमवार-शुक्रवार (सुबह 9 बजे से रात 11.30/11.55 तक*) *यूएस डेलाइट सेविंग टाइम पीरियड के आधार | | |
| निपटान | नकद निपटान | | |
| देय तिथि दर (डीडीआर) / अंतिम निपटान मूल्य (एफएसपी) | •नियत तिथि दर (एफएसपी) एनएसई प्राकृतिक गैस अनुबंध के अंतिम कारोबारी दिन पर न्यूयॉर्क मर्केंटाइल एक्सचेंज (एनवाईएमईएक्स)# के प्राकृतिक गैस (एनजी) फ्रंट महीने अनुबंध का भारतीय रुपये में निपटान मूल्य होगा।<br>•अंतिम उपलब्ध RBI USDINR संदर्भ दर का उपयोग रूपांतरण के लिए किया जाएगा।<br>• प्राप्त कीमत को निकटतम टिक तक पूर्णांकित या राउंड ऑफ किया जाएगा। | | विकल्प अनुबंध की समाप्ति के दिन अंतर्निहित वायदा अनुबंध का दैनिक निपटान मूल्य होगा। |

## एनएसई में ट्रेडिंग के मुख्य लाभ

- एक्सचेंज ट्रांजैक्शन के नगण्य शुल्क
- विभिन्न वर्गों में कोलेटरल की फंजिबिलिटी
- सभी एफपीआइ श्रेणियों को कैश सेटल्ड डेरिवेटिव्स अनुबंध में ट्रेड करने की अनुमति है
- मजबूत, सुरक्षित, और लचीला टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड

एक्सचेंज प्लाज़ा, सी-1, ब्लॉक जी, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (ई) मुंबई – 400 051